अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2023
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** ऊर्ध्वपातज पदार्थ नहीं है- **(1)**

(A) नौसादर (B) नमक

(C) आयोडीन (D) कपूर

**2.** निम्नलिखित में कीटभक्षी पौधा है- **(1)**

(A) नेपेन्थीस (B) सनड्यू

(C) वीनस फ्लाई ट्रैप (D) उपर्युक्त सभी

**3.** नमक के विलयन से नमक प्राप्त करने की विधि है- **(1)**

(A) वाष्पन (B) छानना

(C) निथारना (D) इनमें से कोई नहीं

**4.** द्रव्यमान का मानक मात्रक है- **(1)**

(A) क्विंटल (B) किलोग्राम

(C) ग्राम (D) टन

**5.** प्रकाश-संश्लेषण में निकलने वाली ऑक्सीजन प्राप्त होती है- **(1)**

(A) जल से (B) कार्बन डाइऑक्साइड से

(C) शर्करा से (D) पर्णहरित से

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** रेन वाटर हारवेस्टिंग से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**7.** गति का तृतीय नियम क्या है? उदाहरण के साथ समझाइए। **(1)**

**8.** पदार्थ की कौन-सी अवस्था है, जिसमें पदार्थ का आयतन तो निश्चित होता है परन्तु आकृति अनिश्चित होती है? **(1)**

**9.** दोलन गति किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए। **(1)**

**10.** यौगिक किसे कहते हैं? **(1)**

**11.** "मृतोपजीवी" से आप क्या समझते हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** भोजन एकत्रीकरण हेतु तने में होने वाले रूपान्तरण को उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

**13.** 'बल' से क्या अभिप्राय है? बल के विभिन्न प्रकारों का उदाहरण सहित संक्षिप्त वर्णन कीजिए। **(2)**

**14.** ठोस, द्रव एवं गैस की आणविक संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए। **(2)**

**15.** बेलन की लम्बाई तथा वृत्त के व्यास का मापन किस यंत्र से किया जा सकता है? उसका नाम बताते हुए, उस यंत्र का अल्पतमांक लिखिए। **(2)**

**16.** वाष्पन और क्वथन में अंतर बताइए। **(2)**

**17.** ऊर्जा के नवीकरणीय तथा अनवीकरणीय स्रोतों से आप क्या समझते हैं? उदाहरण देकर समझाइए। **(2)**

**18.** पोषण के आधार पर पादप और जन्तु में अंतर समझाइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/vigyan/2023

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN